नि:शुल्क चिकित्सा मोबाइल वैन का शुभारंभ

गुलाबपुरा। ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से हिन्दुस्तान जिंक द्वारा ममता-हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से आसपास के क्षेत्र के 30 गांवों के लिए मोबाइल हेल्थ वेन की शुरूआत की है। हुरड़ा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित समारोह से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोबाइल वेन से प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ गांव गांव जा कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श देंगे। मोबाइल वेन को एसडीएम गुलाबपुरा रोहित चैहान, भीलवाड़ा सीएमएचओ डॉ. चेतन पुरी गोस्वामी, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड एवं कैलाश चंद्र जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएचआरओ माइंस मोहम्मद अली, यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र चैहान, हेड सीएसआर अभय गौतम एवं सीएमओ विनोद राय उपस्थित थे।